एनआईसी
National Informatics Centre

सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**

**इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, हिमाचल प्रदेश, शिमला**

# "हिंदी पखवाड़ा - दिनांक 14 से 28 सितम्बर 2024 एवं 24-सितम्बर-2024 को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन"

राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने एवं सरकार की राजभाषा नीति के प्रति अनुकूल वातावरण बनाने व कार्यालय में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग करने पर प्रोत्साहित करने हेतु राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार, केंद्र सरकार के कार्यालयों में हर वर्ष हिंदी पखवाड़ा का आयोजन सितम्बर माह में किया जाता है। अतः इस वर्ष भी राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश एवं समस्त अधीनस्थ कार्यालयों में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन 14-सितम्बर-2024 से 28-सितम्बर-2024 तक किया गया। इसके साथ ही हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत कुल 4 प्रतिगोगिताओं का आयोजन दिनांक 24-सितम्बर-2024 को किया गया।

सभी कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं में राज्य कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों के सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। समारोहों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन राज्य कार्यालय के विडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में किया गया, जिसमें समस्त जिलों में स्थित कार्यालयों तथा अन्य अधीनस्थ कार्यालयों के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यालय प्रमुख श्री अजय सिंह चैहल, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, हिमाचल प्रदेश ने अपने शुभ विचारों को प्रस्तुत करते हुए किया। राजभाषा हिंदी का सरकारी कार्यों में अधिक से अधिक प्रयोग करना तथा हिंदी को पूरे प्रदेश व देश में बढ़ावा देने हेतु समस्त उपस्थित महानुभावों का मार्गदर्शन किया।




**निर्णायक मंडल के सदस्य श्री जयदीप नेगी का स्वागत एवं पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए श्री संदीप सूद**

प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के कार्यालयों के तीन अधिकारियों को आमंत्रित किया गया था एवं उन्होंने एन.आई.सी. द्वारा आतिथ्य निमंत्रण स्वीकार कर निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में भाग लिया। प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का मूल्यांकन निर्णायक मंडल के सदस्यों ने किया। निर्णायक मंडल के सदस्यों में श्री जयदीप नेगी, विशेष कार्य अधिकारी सचिवालय पुस्तकालय तथा श्री चन्द्र सिंह राणा, सेवानिवृत उप सचिव (राजभाषा) विधि विभाग तथा श्रीमति बबिता नेगी, उप सचिव (राजभाषा) विधि विभाग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन किया।




**निर्णायक मंडल के सदस्य श्री चन्द्र सिंह राणा का स्वागत एवं पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए श्री संजय शर्मा**




**निर्णायक मंडल की सदस्या श्रीमती बबिता नेगी का स्वागत एवं पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए श्री ललित कपूर**


निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिए तीन विषय सभी को पूर्व में ही सूचित कर दिए गए थे तथा निबंध प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों को तीन में से किसी एक विषय को चुनना था। कविता पाठ के लिए स्वलिखित कविता का पाठ करना था, यह भी सभी को पूर्व में ही सूचित कर दिया गया था। चित्र कहानी लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के समक्ष 2 चित्र प्रस्तुत किये गए, प्रतिभागियों को चित्रों के सन्दर्भ में रचनात्मक रूप से लिखते हुए सुलेख व हिंदी भाषा

पर भी ध्यान देना था। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हिंदी बोध मोबाइल एप के माध्यम से किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में 31 प्रतियोगियों, चित्र कहानी लेखन प्रतियोगिता में 29 प्रतियोगियों, कविता पाठ में 13 प्रतियोगियों तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 35 प्रतियोगियों नें भाग लिया।



**विभिन्न प्रतियोगितायों में भाग लेते हुए राज्य के समस्त प्रतिभागीगण एवं जिला व अन्य कार्यालयों से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े समस्त प्रतिभागीगण**

प्रतियोगितायों के दौरान श्री विजय कुमार ने वीडियो प्रस्तुती के माध्यम से हिंदी मुहावरों का एक संकलन प्रस्तुत किया, जो कि बहुत ही रोचक था और सबने इसकी सराहना की। श्री दीपक कुमार ने भी “स्वच्छता का अर्थ” नामक विषय पर पी.पी.टी. के माध्यम से अपनी प्रस्तुती दी। इस तरह से प्रतियोगितायों में मध्य यह प्रस्तुतियां सभी प्रतिभागियों को शेष प्रतियोगिता हेतु तारोताज़ा होने के लिए बहुत अच्छा विकल्प बना।




**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए प्रतिभागी**


निर्याणक मंडल के सदस्यों ने सभी प्रतियोगितायों में प्रतिभागियों का मूल्यांकन बहुत ही बारीकी से किया एवं उत्कृष्टता के आधार पर प्रतिभागियों की सूची, सभी चार प्रतिगोगितों के लिए अलग अलग से तैयार की। निर्णायक मंडल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी घोषित प्रतिभागियों के परिणाम निम्नानुसार है:

| **1. प्रतियोगिता का नाम : निबंध** | | |
|---|---|---|
| **सं.** | **विजेताओं के नाम** | **पुरस्कार** |
| 1 | दीपक कुमार | प्रथम |
| 2 | संदीप कुमार | द्वितीय |
| 3 | शैलेन्द्र कौशल | तृतीय |
| 4 | मोहन राकेश अग्रवाल | सान्त्वना |
| 5 | मंगल सिंह | सान्त्वना |
| 6 | संजय कुमार | सान्त्वना |
| 7 | अखिलेश भारती | सान्त्वना |
| 8 | हिमांशु गुप्ता | सान्त्वना |

| **2. प्रतियोगिता का नाम : चित्र कहानी लेखन** | | |
|---|---|---|
| **सं.** | **विजेताओं के नाम** | **पुरस्कार** |
| 1 | वंदना सांख्यान | प्रथम |
| 2 | चन्द्र शेखर | द्वितीय |
| 3 | मोहन राकेश अग्रवाल | तृतीय |
| 4 | विमल कुमार शर्मा | सान्त्वना |
| 5 | मंगल सिंह | सान्त्वना |
| 6 | संदीप कुमार | सान्त्वना |
| 7 | हिमांशु गुप्ता | सान्त्वना |
| 8 | अखिलेश भारती | सान्त्वना |

| **3. प्रतियोगिता का नाम : कविता पाठ** | | |
|---|---|---|
| **सं.** | **विजेताओं के नाम** | **पुरस्कार** |
| 1 | विमल कुमार शर्मा | प्रथम |
| 2 | अखिलेश भारती | द्वितीय |
| 3 | हिमांशु गुप्ता | तृतीय |
| 4 | मंगल सिंह | सान्त्वना |
| 5 | दीपक कुमार | सान्त्वना |
| 6 | संजय कुमार | सान्त्वना |
| 7 | आशीष शर्मा | सान्त्वना |
| 8 | विनोद कुमार गर्ग | सान्त्वना |

| **4. प्रतियोगिता का नाम : प्रश्नोत्तरी** | | |
|---|---|---|
| **सं.** | **विजेताओं के नाम** | **पुरस्कार** |
| 1 | मंगल सिंह | प्रथम |
| 2 | संजय कुमार | द्वितीय |
| 3 | विनोद कुमार गर्ग | तृतीय |
| 4 | संजय कुमार ठाकुर | सान्त्वना |
| 5 | जितेन्द्र शर्मा | सान्त्वना |
| 6 | पृथ्वी राज | सान्त्वना |
| 7 | हिमांशु गुप्ता | सान्त्वना |
| 8 | संदीप सूद | सान्त्वना |




**कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी श्री अनुराग गुप्ता**

हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, हिमाचल प्रदेश के सभी कार्यालयों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्ण योगदान दिया और सम्पूर्ण आयोजन को बहुत ही अच्छी तरह से आयोजित करने में राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी श्री अजय सिंह चैहल जी के मार्गदर्शन में श्री संजय शर्मा, श्री सर्वजीत कुमार, श्री हमेन्द्र लाल का विशेष योगदान रहा।

| **राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र** | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री अजय सिंह चैहल | राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी / वैज्ञानिक-जी |
| 2 | श्री ललित कपूर | वैज्ञानिक-एफ |
| 3 | श्री भुपिंदर पाठक | वैज्ञानिक-एफ |
| 4 | श्री संदीप सूद | वैज्ञानिक-एफ |
| 5 | श्री संजय कुमार | वैज्ञानिक-एफ |
| 6 | श्री संजय शर्मा | वैज्ञानिक-एफ |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | श्री विजय कुमार गुप्ता | वैज्ञानिक-एफ |
| 8 | श्री पंकज गुप्ता | वैज्ञानिक-एफ |
| 9 | श्री विमल कुमार शर्मा | वैज्ञानिक-एफ |
| 10 | श्री विनोद कुमार गर्ग | वैज्ञानिक-एफ |
| 11 | श्री शैलेन्द्र कौशल | वैज्ञानिक-एफ |
| 12 | श्री अखिलेश भारती | वैज्ञानिक-एफ |
| 13 | श्री संजय कुमार ठाकुर | वैज्ञानिक-ई |
| 14 | श्री मंगल सिंह | वैज्ञानिक-डी |
| 15 | श्री आशीष शर्मा | वैज्ञानिक-डी |
| 16 | श्री मुकेश कुमार | वैज्ञानिक-डी |
| 17 | श्री सर्वजीत कुमार | वैज्ञानिक-सी |
| 18 | श्रीमती वंदना सांख्यान | वैज्ञानिक-सी |
| 19 | श्री पृथ्वी राज | वैज्ञानिक-सी |
| 20 | श्रीमती पूजा मान | वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-ए |
| 21 | राजेश कुमार यदुभुष्णम | अनुभाग अधिकारी |
| 22 | श्री शंकर लाल | वरिष्ठ सचिवालय सहायक |
| 23 | श्री हमेन्दर लाल | वरिष्ठ सचिवालय सहायक |
| 24 | श्री हिमांशु गुप्ता | स्टेनो ग्रेड-III |
| **हिमाचल प्रदेश विधान सभा कार्यालय** | | |
| 25 | श्री संदीप कुमार | वैज्ञानिक-एफ |
| **हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय कार्यालय** | | |
| 26 | श्री जितेन्द्र शर्मा | वैज्ञानिक-बी |
| **जिला केंद्र, हमीरपुर** | | |
| 27 | श्री अनुराग गुप्ता | वैज्ञानिक-ई |
| **जिला केंद्र, किन्नौर** | | |
| 28 | श्री बलवान सिंह | वैज्ञानिक-डी |
| 29 | श्री चन्द्र शेखर | वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-ए |
| **जिला केंद्र, कुल्लू** | | |
| 30 | श्री बृजेन्द्र कुमार डोगरा | वैज्ञानिक-ई |
| **जिला केंद्र, लाहौल एवं स्पीती** | | |
| 31 | श्री जगदीप | वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-ए |
| **जिला केंद्र, मंडी** | | |
| 32 | श्री अश्वनी कुमार | वैज्ञानिक-ई |
| **जिला केंद्र, शिमला** | | |
| 33 | श्री दीपक कुमार | वैज्ञानिक-सी |
| **जिला केंद्र, सिरमौर** | | |
| 34 | श्री विजय कुमार | वैज्ञानिक-ई |

| | | |
|---|---|---|
| 35 | श्री मोहन राकेश अग्रवाल | वैज्ञानिक-डी |
| **जिला केंद्र, सोलन** | | |
| 36 | श्री संजीव कुमार | वैज्ञानिक-सी |
| 37 | श्री स्वेतांश शतक | वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-बी |

कार्यक्रम व प्रतियोगितायों के आयोजन के समापन समारोह के दौरान श्री संजय शर्मा ने आमंत्रित निर्णायक मंडल के सदस्यों तथा सभी उपस्थित महानुभावों का आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी का धन्यवाद किया।

कार्यक्रम के अंत में राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी श्री अजय सिंह चैहल जी ने राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष हिंदी पखवाड़ा मनाने हेतु तथा सभी अधिकारिओं तथा कर्मचारिओं द्वारा हिंदी में किये जा रहे गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए राजभाषा के प्रयोग पर और अधिक कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया और भारत सरकार द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रोत्साहन हेतु किए जा रहे विभिन्न प्रयासों के लिए भी आभार प्रकट किया।